# वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड समाचार

हमारे लोग, हमारी ताकत

दिनांक : 15 जून, 2024

अंक : 501


## माननीय कोयला मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी एवं माननीय राज्यमंत्री श्री सतीश चन्द्र दुबे से वेकोलि के सीएमडी श्री जे. पी. द्विवेदी ने की सौजन्य भेंट वेकोलि परिवार की ओर से दी शुभकामनाएँ



माननीय श्री जी. किशन रेड्डी के केंद्रीय कोयला मंत्री, भारत सरकार एवं माननीय श्री सतीश चन्द्र दुबे, राज्यमंत्री, कोयला मंत्रालय, भारत सरकार के पदभार ग्रहण करने के अवसर पर वेकोलि के सीएमडी श्री जे. पी. द्विवेदी ने उनसे सौजन्य भेंट कर वेकोलि परिवार की ओर से शुभकामनाएँ दी।

इस भेंट के दौरान सीएमडी श्री जे. पी. द्विवेदी ने देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में वेकोलि द्वारा किए जा रहे योगदान एवं सीएसआर के जरिए कोयलांचल के विकास के प्रयासों आदि के बारे में माननीय मंत्री जी को अवगत कराया। उल्लेखनीय है कि वेकोलि का गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में देश के कुल कोयला उत्पादन में 69.11 मिलियन टन का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में कोयला उत्पादन तथा प्रेषण का लक्ष्य 69 मिलियन टन निर्धारित किया गया है।



## वेकोलि ने सोल्लास मनाया 'विश्व पर्यावरण दिवस'



टीम वेकोलि ने विश्व पर्यावरण दिवस पर दिनांक 05.06.2024 को कंपनी मुख्यालय में वृक्षारोपण कर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। पर्यावरण दिवस के इस कार्यक्रम में सीएमडी श्री जे. पी. द्विवेदी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में निदेशक तकनीकी (संचालन तथा योजना/परियोजना) श्री ए. के. सिंह, निदेशक (वित्त) श्री बिक्रम घोष एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय मधुकर म्हेत्रे उपस्थित थे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में वेकोलि के सीएमडी श्री जे. पी. द्विवेदी ने पर्यावरण ध्वज फहराया तथा कर्मियों को पर्यावरण - संरक्षण एवं संवर्धन की शपथ दिलाई। इसके उपरांत, कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष श्री पी. एम. प्रसाद के पर्यावरण दिवस के संदेश का वाचन महाप्रबंधक (पर्यावरण) श्री ए. के. दीक्षित द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान, पर्यावरण संवर्धन के क्षेत्र में, वेकोलि द्वारा किए जा रहे विविध प्रयासों पर आधारित पोस्टर का अनावरण किया गया। उपरान्त सभी अतिथियों ने पौधा रोपण किया।

इस अवसर पर महाप्रबंधक गण, विभागाध्यक्ष, अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्री मिलिंद चहांदे, प्रबंधक (जनसंपर्क) ने किया।



## वेकोलि एवं नराकास के सयुंक्त तत्वावधान में 'राजभाषा कार्यशाला'





वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड मुख्यालय तथा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) कार्यालय-2, नागपुर के सयुंक्त तत्वावधान में 07 जून 2024 को "राजभाषा कार्यशाला" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष - सह - प्रबंध निदेशक श्री जे. पी. द्विवेदी, निदेशक तकनीकी (संचालन तथा योजना / परियोजना) श्री ए. के. सिंह तथा निदेशक (वित्त) श्री बिक्रम घोष की उपस्थिति में गणमान्यों द्वारा "माँ सरस्वती" की वंदना और दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर श्री पी. नरेंद्र कुमार, महाप्रबंधक (कार्मिक / मा.सं.वि. / प्रशासन / जनसंपर्क / सुरक्षा) एवं श्री आर. के. सिंह, विभागाध्यक्ष (राजभाषा प्रमुख / औद्योगिक संबंध) प्रमुखता से उपस्थित थे। इस अवसर पर उप प्रबंधक (राजभाषा / जनसंपर्क) डॉ. मनोज कुमार की पुस्तक "नमामि स्वतंत्रता सेनानी" का विमोचन अध्यक्ष - सह - प्रबंध निदेशक श्री जे. पी. द्विवेदी, निदेशक गण श्री ए. के. सिंह तथा श्री बिक्रम घोष के हस्ते हुआ।

राजभाषा कार्यशाला में विश्व में हिंदी के बढ़ते प्रभाव, हिंदी व्यवसाय एवं समय की मांग, भाषा के कालातीत प्रभाव और स्वतंत्रता संग्राम में हिंदी की महत्ता आदि विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। विश्व के अनेक देशों में एवं भारत में हिंदी के लिए कार्य कर रही संस्थाओं के बारे में जानकारी दी गई एवं भारत सरकार की राजभाषा नीति पर प्रकाश डाला गया। श्री दिलीप कुमार सिंह, प्रबंधक (राजभाषा) बीसीसीएल, धनबाद ने संसदीय राजभाषा प्रश्नावली और श्री विनोद कुमार, उप महाप्रबंधक (राजभाषा), पॉवर ग्रिड कॉर्पोरेशन लिमिटेड नागपुर ने राजभाषा के विविध पहलुओं पर मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में श्री एस. पी. सिंह, ओएसडी (राजभाषा) वीएनआईटी, नागपुर ने विमोचित पुस्तक की समीक्षा की। कार्यशाला में नराकास के सदस्य कार्यालयों, वेकोलि मुख्यालय एवं क्षेत्रों से कर्मियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया एवं सार्थक परिचर्चा में संवाद साधा। कार्यक्रम का संचालन नराकास के सदस्य सचिव/उप प्रबंधक (राजभाषा, जनसंपर्क) डॉ. मनोज कुमार ने किया।

## अपर सचिव, कोयला मंत्रालय सुश्री रुपिंदर ब्रार ने वेकोलि के कार्य-निष्पादन की समीक्षा की





वेकोलि के दो दिवसीय दौरे पर नागपुर पहुँची, कोयला मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली की अपर सचिव सुश्री रुपिंदर ब्रार (आई.आर.एस) ने दिनांक 08 जून 2024 को कंपनी मुख्यालय में वेकोलि के कार्य-निष्पादन की समीक्षा की। सुश्री ब्रार ने अपने संबोधन में कहा कि देश की कोयला जरूरतों के अनुरूप उत्पादन में वृद्धि के साथ ही सी.एस.आर के अंतर्गत समाजोन्मुखी कार्य भी आवश्यक हैं। टीम वेकोलि के उत्साह को देखकर उन्होंने विश्वास जताया कि वेकोलि अपने कोयला उत्पादन और प्रेषण के साथ-साथ सी.एस.आर आदि के लक्ष्यों को भी अवश्य हासिल करेगा। समीक्षा बैठक के दौरान वेकोलि के सीएमडी श्री जे. पी. द्विवेदी ने कंपनी की वर्तमान स्थिति, खनन गतिविधियों तथा सी.एस.आर के कार्य आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी, साथ ही भविष्य की योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। बैठक में निदेशक तकनीकी (संचालन तथा योजना एवं परियोजना) श्री ए. के. सिंह, निदेशक (वित्त) श्री बिक्रम घोष, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय मधुकर म्हेत्रे एवं मुख्यालय के महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष गण उपस्थित रहे।

तत्पश्चात, उन्होंने वेकोलि के प्रोजेक्ट TARASH के तहत आकाश-बायजू केंद्र में IIT-JEE तथा NEET परीक्षाओं का प्रशिक्षण ले रहे बच्चों से भेंट कर, बातचीत की। श्रीमती ब्रार ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति निरंतर प्रयत्नशील रहने की सीख दी। उन्होंने वेकोलि मुख्यालय में स्थापित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (ICCC) फॉर ई-सर्वेलंस का निरीक्षण भी किया तथा इस पहल की सराहना करते हुए महत्वपूर्ण निर्देश भी दिये। उन्होंने नागपुर क्षेत्र का दौरा किया। यहाँ उन्होंने सावनेर-1 भूमिगत खदान तथा इको पार्क का निरीक्षण किया एवं इस दिशा में अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

अपने दौरे के दूसरे दिन उन्होंने चंद्रपुर क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने दुर्गापुर खुली खदान का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उनके साथ सीएमडी श्री जे. पी. द्विवेदी, निदेशक गण श्री ए. के. सिंह, श्री बिक्रम घोष, CVO श्री अजय मधुकर म्हेत्रे, क्षेत्रीय महाप्रबंधक श्री हर्षद दातार तथा अधिकारी गण उपस्थित रहें। श्रीमती ब्रार ने टीम वेकोलि के सदस्यों को संबोधित करते हुए चंद्रपुर क्षेत्र की कार्य-प्रणाली और उपलब्धियों की मुक्त कंठ से सराहना की। इस अवसर पर उन्होंने उत्कृष्ट कर्मियों को सम्मानित कर उनका हौसला भी बढ़ाया।

## वेकोलि में अंतर क्षेत्रीय चेस, कैरम एवं ब्रिज प्रतियोगिता संपन्न





वेस्टर्न कोलफ़ील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) मुख्यालय स्थित सांस्कृतिक भवन में दिनांक 12.06.24 से 14.06.24 तक अंतर क्षेत्रीय चेस, कैरम एवं ब्रिज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह में अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री जे. पी. द्विवेदी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

अपने उद्बोधन में सीएमडी श्री जे. पी. द्विवेदी ने, कर्मियों के दिनचर्या में खेलों के समावेश को महत्वपूर्ण बताते हुए वेकोलि में मौजूद सशक्त खेल संस्कृति के विषय में विस्तार से बात की। उन्होंने कहा कि चेस, कैरम एवं ब्रिज जैसे खेल न केवल मनोरंजन के लिए कारगर है बल्कि इससे कल्पना शक्ति और मानसिक सबलता का भी विस्तार होता है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएँ दी।

समारोह में स्वागत उद्बोधन महाप्रबंधक (कल्याण एवं सीएसआर) श्री ए. के. सिंह ने प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता के समापन समारोह में वेकोलि के उप महाप्रबंधक (कार्मिक/औद्योगिक संबंध) श्री आर. के. सिंह, संचालन समिति तथा कल्याण मंडल के सदस्यगण, अधिकारीगण तथा खिलाड़ी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। समारोह का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन श्री मिलिंद चहांदे, प्रबंधक (जनसंपर्क) ने किया।

चेस प्रतियोगिता में बल्लारपुर क्षेत्र की टीम प्रथम स्थान पर रही वही चंद्रपुर क्षेत्र द्वितीय स्थान पर रहा। कैरम प्रतियोगिता में नागपुर क्षेत्र की टीम प्रथम स्थान पर तथा पाथाखेड़ा क्षेत्र द्वितीय स्थान पर रहा। इसी प्रकार ब्रिज प्रतियोगिता में पाथाखेड़ा क्षेत्र प्रथम स्थान पर एवं वेकोलि मुख्यालय द्वितीय स्थान पर रहा।





## वेकोलि में 'वन मंजूरी आवेदन और वन (संरक्षण एवं संवर्धन) अधिनियम 2023 से संबंधित प्रावधान' विषय पर कार्यशाला





वेकोलि के वन विभाग ने दिनांक 14.06.2024 को "वन मंजूरी आवेदन और वन (संरक्षण एवं संवर्धन) अधिनियम 2023 से संबंधित प्रावधान" विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि के रूप में महाराष्ट्र सरकार के अवर पीसीसीएफ श्री नरेश झुरमुरे, आयएफएस, उपस्थित रहे। कार्यशाला में महाराष्ट्र सरकार के डीएफओ श्री आर. टी. ढाबेकर, सहायक वन संरक्षक श्री पांडुरंग पाखले, तकनीकी अधिकारी श्री शरद निम्बालकर और श्रीमती स्वप्नादिधि दुधे उपस्थित रहे। इन्होंने प्रतिभागियों को वन अधिनियम के प्रावधान के विषय में बताया।

इस कार्यशाला में वेकोलि के सीएमडी श्री जे. पी. द्विवेदी, निदेशक तकनीकी (संचालन / योजना एवं परियोजना) श्री ए. के. सिंह, क्षेत्रीय महाप्रबंधक गण, एएनओ फ़ोरेस्ट और वेकोलि मुख्यालय के अधिकारी उपस्थित रहे। इस कार्यशाला के आयोजन में महाप्रबंधक (वन) डॉ. एस. के. जेना एवं उनकी टीम का विशेष सहयोग रहा।